प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6074 दिनांकः 27 जुलाई, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0/बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वितीय चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0/बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वितीय चरण की परीक्षायें दिनांक 29 जुलाई, 2022 से दिनांक 22 अगस्त, 2022 तक प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचित करना है कि सम सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान की ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है, जिसको संस्थान द्वारा ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध सूची का सत्यापन नियमानुसार करने के उपरान्त ही पात्र/अर्ह छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र छात्र ई0आर0पी0 लॉगिन में स्वतः ही निर्गत हो जायेगा तथा छात्र/छात्रा अपना प्रवेश पत्र ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi 27/07/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक